पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में “स्वस्थ नारी स्वस्थ प्रदेश” शिविर का आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में छात्राओं एवं महिलाओं के लिए **“स्वस्थ नारी स्वस्थ प्रदेश”** कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज दिनांक 31.10.2018 को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन माननीय कुलाधिपति के निर्देशों के तहत् सम्मानीय कुलपति के मार्गदशन में अधिष्ठाता महाविद्यालय, डॉ. आर.पी.एस.बघेल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. वीणा जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा करीब 80 छात्राओं एवं महिलाओं की स्त्री रोग संबंधी जाँच के उपरांत परामर्श दिया। डॉ. अनिल अरोरा द्वारा करीब 120 छात्राओं एवं महिलाओं के वजन, कद एवं स्वास्थ्य संबंधी जाँच की गई। इसी श्रंखला में पूजा पटेल, स्टाफ नर्स द्वारा 68 छात्राओं एवं महिलाओं के हीमोग्लोबिन, रक्तदाब एवं ब्लड शुगर की जाँच की व प्रज्ञा ठाकुर, फार्मसिस्ट द्वारा डॉ. वीणा जैन के निर्देशों के तहत् छात्राओं एवं महिलाओं को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।

तदोपरांत पोषण विशेषज्ञ, डॉ. रमेश प्रताप सिंह बघेल द्वारा छात्राओं एवं महिलाओं के ज्ञानवर्धन हेतु संतुलित आहार के बारे में व्याख्यान दिया व चर्चा की। इसके पश्चात् डॉ. गीता गूयिन, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं प्रजनन विभाग, मेडिकल कॉलेज द्वारा अपने व्याख्यान से मासिक धर्म के समय उत्पन्न

होनेवाली परेशानियों और स्वच्छता के विषय में छात्राओं एवं महिलाओं को वृहद जानकारी दी। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सेठ गोविंद दास चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुरली अग्रवाल द्वारा चिकित्सक दल भेजकर कार्यक्रम को सुचारु पूर्वक संपन्न करवाने में काफी सहयोग किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विद्मान विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. प्रयाग दत्त जुयॉल जी द्वारा सराहना करते हुये छात्राओं एवं महिलाओं को अच्छे खान–पान और स्वच्छता पर विशेष ध्यान के लिये जोर दिया।

कार्यक्रम को आयोजित करने में विशेष रुप से डॉ. राखी वैश्य, डॉ. आदित्य मिश्र, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. सेरलीन तोमर व स्नातकोत्तर छात्रा कु. माधवी धेरीकर, मंजू कुमारी व स्नातक छात्रा कु. आँचल सिंह, महिमा शिवहरे इत्यादि द्वारा अधिष्ठाता महोदय के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर को सफल पूर्वक आयोजन करने हेतु अपना योगदान दिया।